गंदगी के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोश

गरमपानी। बाजार क्षेत्र में जी का जंजाल बन चुकी गंदगी का निस्तारण किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही गंदगी का निस्तारण नहीं किया गया तो सड़क पर उतर आंदोलन किया जाएगा। गरमपानी व खैरना बाजार क्षेत्र में जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर अब मुसीबत का सबब बन चुके हैं। गंदगी से जहां क्षेत्र में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है तो वही गंदगी से उठ रही भीषण दुर्गंध से लोगों का जीना मुश्किल हो चुका है। परेशानी बढ़ने से अब लोगों में गुस्सा भी बढ़ने लगा है। क्षेत्रवासियों ने गंदगी के निस्तारण किए जाने की पुरजोर मांग उठाई है। दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गंदगी निस्तारण को ठोस पहल नहीं की गई तो सड़क पर उतर उग्र आंदोलन किया जाएगा। बताते चलें कि बाजार क्षेत्र में जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। लोग घरों और दुकानों की गंदगी सड़क में डाल दे रहे हैं जिस कारण बाजार की शक्लो सूरत ही बदल चुकी है। लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था को लेकर लोग कतई गंभीर नहीं हैं। चुनावों के दौरान बड़े-बड़े वादे करने वाले नेतागण भी चुप्पी साधे हुए हैं। बाजार में जगह-जगह पंचायत लगाने वाले भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

आक्रोश / गोपाल सम्मल के परिजनों को मुआवजा दिये जाने की मांग

गुस्साये ग्रामीणों ने जाम किया हैड़ाखान-ओखलढूंगा मार्ग

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

भीमताल/हल्द्वानी। बीते कुछ दिनों पहले सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में ओखलढूंगा निवासी गरीब काश्तकार गोपाल संम्भल की सोबन सिंह जीना अस्पताल में उपचार के दौरान हुयी मौत के बाद ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुये मार्ग जाम कर दिया। गौरतलब है कि गोपाल (50) की अस्पताल में उपचार के दौरान 20 अगस्त को मौत हो गयी थी। गोपाल के परिजनों का आरोप है कि आक्सीजन नहीं दिये जाने और सही से उपचार नहीं किये जाने से यह मौत हुयी है।

इस प्रकरण से गुस्साये ग्रामीणों ने ओखलढूंगा-हैड़ाखान मोटर मार्ग पर जाम लगाकर नारेबाजी कर गरीब काश्तकार को इंसाफ दिलाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि इस मौत का जिम्मेदार अस्पताल प्रशासन है इसलिये शासन गरीब मृतक के बच्चों के पालन-पोषण करने के लिये मुआवजा दे।

साथ ही यह भी कहा गया कि अगर मृतक के केस की निष्पक्ष जांच नहीं की गई तो सभी लोग अनश्चितकालीन आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्राम प्रधान ललित मोहन सम्मल का कहना है कि उन्होंने सीएमओ डा. एचके जोशी से बात कर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की कोई दूसरी घटना न घट सके वहीं मृतक के छोटे भाई पूरन सिंह ने भी दोषियों पर सख्त से सख्त कारवाई करने की बात कही और मृतक के बच्चों को आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई। इस दौरान ग्राम प्रधान ललित मोहन सिंह सम्मल, हरेन्द्र सिंह सम्मल, टीकम सिंह सम्मल, प्रताप सिंह सम्मल, जशौद सिंह, बलवन्त सिंह, चंन्दन सिंह, जीवन सिंह, गोधन सिंह, सतीश बड़ौला, भुवन सिंह, दीपू बोहरा, अनिल सम्मल, विमला सम्मल, बंसती, मोहनी, विमला, मुन्नी सम्मल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

जांच रिपोर्ट में कोई नहीं पाया गया दोषी

हल्द्वानी। गोपाल की अस्पताल में हुयी मौत के बाद परिजनों द्वारा मांग किये जाने पर सोबन सिंह जीना अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डा. एसबी औली ने अस्पताल के तीन चिकित्सकों को मिलाकर एक कमेटी बनायी जिसने इस प्रकरण की जांच की। कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया है कि गोपाल का उपचार पूरी सही तरह से किया गया था तथा उसके उपचार में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की गयी। बताया गया कि सीएमएस औली ने यह रिपोर्ट सीएमओ नैनीताल डा. एचके जोशी को भेज दी है। हालांकि इस रिपोर्ट में सबसे बड़ी खामी यह है कि इसमें किसी भी शिकायतकर्ता की बात को शामिल नहीं किया गया है। मृतक के परिजनों से बात भी नहीं की गयी। जिससे साफ जाहिर होता है कि मृतक के परिजनों की यह मांग सही थी कि इस मामले की जांच अस्पताल से बाहर की संस्था से करायी जाये।

पर्यावरण संरक्षण को पौधारोपण जरूरी

भवाली। पर्यावरण को संरक्षित करने और स्वच्छ और साफ बनाने के उद्देश्य से जिला जज कुमकुम रानी लगातार पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति बेहद गंभीर दिख रही हैं। जिला जज कुमकुम रानी ने सीजेएम नंदन सिंह, सिविल जज राजीव धवन और वन विभाग के एसडीओ दिनकर तिवाड़ी एवं रेंजर मुकुल शर्मा के साथ मिलकर सेनिटोरियम वन विश्राम भवन में 100 से अधिक देवदार, चीनार, काफल और तिमिल के पौधे लगाये और पौधों को संरक्षित करने के लिये संकल्प दिलाया। दोपहर को जिला जज कुमकुम रानी वन विभाग के सेनिटोरियम वन विश्राम में सीजेएम नंदन सिंह और सिविल जज राजीव धवन के साथ पहुंची और विश्राम भवन में पौधारोपण कर कहा कि आज के दौर में पर्यावरण को संरक्षित बनाये रखना सबसे बड़ी चुनौती है और इस चुनौती को हम सब लोगों को वनों एवं अपने घरों के आसपास छायादार, फलदार पौधे लगाकर दूर किया जा सकता है इसलिये सबको आगे आकर पौधारोपण कर वृक्षों को संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी पर्यावरण के प्रति जागरूक रहे। एसडीओ दिनकर तिवाड़ी और रेंजर मुकुल शर्मा ने कहा कि जिला जज कुमकुम रानी की यह पहल बेहद सराहनीय है। इस दौरान सीजएम नंदन सिंह, सिविल जज राजीव धवन, एसडीओ दिनकर तिवाड़ी, डिप्टी रेंजर ललित कार्की समेत कोट स्टाफ और वन विभाग के लोग मौजूद रहे।

NEWS / फटाफट

युवा कांग्रेस अध्यक्ष पढ़ाया संगठन की मजबूती का पाठ

भीमताल। कांग्रेस के युवा प्रदेश अध्यक्ष भुवन कापड़ी ने भीमताल पहुंच कार्यकताओं के साथ बैठक का आयोजन किया। उन्होंने यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने के लिये एकजुटता के साथ काम करने और पार्टी में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने को कहा साथ ही कार्यकर्ताओं की समस्यायें भी सुनीं। कहा हम सब को एकजुट होकर 2018 में होने वाले निकाय, पंचायत चुनावों और 2019 में लोकसभा चुनावों को जीतना है। इस दौरान प्रदेश प्रभारी आबिद कश्मीरी, लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष गुरुप्रीत प्रिंस, राष्ट्रीय सचिव प्रवीण कुमार, महासचिव नितेश बिष्ट, यूथ अध्यक्ष नीरज कुमार मोनू, आईटी अध्यक्ष गुंजन रौतेला, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, दीपक वर्मा, राजू रावत, खलील वारसी, प्रमोद कुमार, मोनू कपूर, सौरभ चिलाना मौजूद रहे।

बेतालघाट में रसोई गैस का भारी संकट

बेतालघाट। क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से रसोई गैस का संकट बना हुआ है। गैस नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विगत एक सप्ताह से सिलेंडर वाहन नहीं आने से गैस गोदाम में गैस सिलेंडर समाप्त हो गए हैं जिस कारण यहां पर गैस का संकट गहरा रहा है। पूरे इलाके में रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित है। अधिकांश दूर-दराज गांव से गैस भरवाने एजेंसी पर आ रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह से रोज एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं जिससे सिलेंडर से ज्यादा दाम आने-जाने के किराये में लग जा रहा है। उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि एक माह पहले खुली गैस एजेंसी से और भी गैस की किल्लत हो रही है। वहीं दूर-दराज गांवों के लोगों का कहना कि एजेंसी प्रबन्धक को रोड स्थित गांव में गैस भेजने की व्यवस्था भी करानी चाहिये जिससे समय के साथ-साथ किराया भी बचाया जा सकता है। वहीं एजेंसी में बैठे कर्मचारियों का कहना है कि गैस की मांग की गयी है जल्द पहुंचने पर वितरित की जायेगी।

बिन्दुखत्ता में नन्दा देवी मेले का शुभारम्भ

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

बिन्दुखत्ता/लालकुआं। यहां आयोजित तीन दिवसीय मां नंदा-सुनंदा महोत्सव का कदली वृक्ष की विधिवत स्थापना के बाद नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष भरत नेगी ने शुभारंभ किया। इस मौके पर स्थानीय कलाकारों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। यहां कार रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय मां नंदा-सुनंदा महोत्सव के पहले दिन इंदिरानगर से कदली वृक्ष लाया गया। जिसमें भारी संख्या में सांस्कृतिक परिधानों में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। कदली वृक्ष को सरस्वती मंदिर में स्थापित करने के साथ ही मां नंदा-सुनंदा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष भरत नेगी और प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के लालकुआं अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट ने किया। इस मौके पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए दुग्ध संघ अध्यक्ष भरत नेगी ने कहा कि मां नंदा प्राचीन काल से ही उत्तराखंड के लोगों की रक्षा एवं खुशहाली करती आई हैं इसीलिए यहां के लोग इतनी भव्यता के साथ मां नंदा देवी का महोत्सव प्रत्येक वर्ष मनाते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धा और समर्पण भाव से मां नंदा की पूजा-अर्चना करता है देवी उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। कमेटी के अध्यक्ष बिरेन्द्र दानू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्ण भव्यता के साथ मां नंदा देवी महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट थे। इस अवसर पर बलवन्त दानू, अर्जुननाथ गोस्वामी, गिरधर बम, गुरदयाल सिंह मेहरा, राजेन्द्र चौहान, पंकज दानू, कुंवर सिंह पवार, प्रदीप नौटियाल, पुष्कर दुबड़िया, गोविंद मनराल, हरीश दानू, सुंदर सिंह गड़िया, मनोज दानू, चंदन फर्त्याल, माधव सिंह दानू सहित भारी संख्या में कमेटी के पदाधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन दीवान सिंह गढ़िया ने किया। देर शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, कांग्रेस लालकुआं नगर अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह और उद्योगपति बाबूलाल पटवारी ने शिरकत की।

बिन्दुखत्ता में आयोजित मां नंदा सुनंदा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कदली वृक्ष लाते श्रद्धालु।

चालान काटने पर व्यापारियों और एसआई में तकरार

भवाली। चौराहे पर भवाली कोतवाली में तैनात एसआई राजेश मिश्रा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के चालान काट रहे थे उन्होंने कुछ व्यापारियों के चालान काट दिये जिससे जिस पर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने एसआई राजेश मिश्रा से स्थानीय व्यापारियों के चालान न काटने को कहा जिस पर एसआई ने बिना हेलमेट नियमों का उल्लंघन करने की बात कही। जिस पर व्यापार मडल अध्यक्ष नरेश पाण्डे और एसआई राजेश मिश्रा के बीच जमकर तू-तू, में-में हो गयी जिससे चौराहे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बहुत से लोगों ने एसआई पर हर समय चालान काटने का आरोप लगाते हुए अधिकारियो से शिकायत करने की बात कही। नरेश पाण्डे ने कहा कि वह व्यापारियों के उत्पीड़न की शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से करेंगे।

मेंहदी लगाओ प्रति. में महिलाओं ने लिया भाग

भवाली। मां नंदा सुनंदा महोत्सव के दूसरे दिन आज सांस्कृतिक मंच में इस साल गुरु स्व. देवी राम मास्साब और स्व. प्रकाश कलाकार की याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नंदा देवी महोत्सव कमेटी द्वारा महिला व स्कूली बालिकाओं की मेंहदी व ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भवाली और भीमताल के तमाम स्कूलों ने प्रतिभाग किया। छात्राओं द्वारा महिलाओं के हाथ में एक से एक मेंहदी लगाई गयी और महिलाओ द्वारा ऐपण प्रतियोगिता में खूबसूरत ऐपण बनाये गये। सांस्कृतिक मंच में महिलाओं और छात्राओं में मेंहदी लगाने की होड़ मची रही। इस दौरान महिला अध्यक्ष ज्योति शाह, नीमा बिष्ट, उमा पढालनी, सुनीता शाही, लता अधिकारी, विमला पाण्डे समेत तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

व्रत और त्यौहार पंचांग

सोमवार, 28 अगस्त 2017
चन्द्रोदय : 11:53
चन्द्रास्त : 23:11
शक सम्वत : 1939 हेमलम्बी
विक्रम सम्वत : 2074 साधारण
अमांत महीना : भाद्रपद
पूर्णिमांत महीना : भाद्रपद
पक्ष : शुक्ल पक्ष
तिथि : सप्तमी - 24:36 तक
नक्षत्र : विशाखा - 20:10 तक
योग : इन्द्र - 23:48 तक
प्रथम करण : गर - 11:35 तक
द्वितीय करण : वणिज - 24:36 तक
सूर्य राशि : सिंह
चन्द्र राशि : तुला - 13:31 तक
राहुकाल : 07:36 - 09:11
गुलिक काल : 13:57 - 15:32
यमगण्ड : 10:46 - 12:22
अभिजीतमुहूर्त : 11:56 - 12:47
दूमुहूर्त : 12:47 - 13:38
अमृत काल : 10:29 - 12:14
वर्ज्य : 24:38 - 26:25

सोशल ट्रेंड्स

जिंदगी जब देती है तो एहसान नहीं करती और जब लेती है तो लिहाज नहीं करती।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'स्वच्छ भारत' बनाना चाहते हैं, जबकि लोग 'सच भारत' बनाना चाहते हैं।
राहुल गांधी

प्यार में पड़ने के बाद हर कोई लड़की को रोमांटिक स्टोरी, लव-सॉन्ग अपना लगने लग जाता है।

गरमपानी-खैरना में बंदरों का आतंक

संवाददाता
@dainikuttaranchaldeep.com

गरमपानी। बाजार क्षेत्र में बंदरों का आंतक जोरों पर है। बंदर घरों व दुकानों से सामान उठा ले जा रहे हैं जिस कारण लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। गरमपानी-खैरना बाजार क्षेत्र में बंदर लोगों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं नजर बचते ही बंदर घर व दुकानों में घुस जा रहे हैं और सामान लेकर चंपत हो रहे हैं।

जिस कारण स्थानीय लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बंदरों के आतंक से व्यापारी वर्ग भी खासा परेशान है। खैरना बाजार क्षेत्र से अस्पताल को जाने वाले रास्ते में बंदरों का झुंड लोगों को काटने को दौड़ रहा है जिस कारण लोगों को अस्पताल जाने में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों की तादात में एकाएक बढ़ोत्तरी हुई है। आरोप लगाया है कि बाहरी क्षेत्रों से वाहनों में भरकर बंदर यहां छोड़े जा रहे हैं जिस कारण क्षेत्र में बंदरों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है।

कुत्ते भी बने मुसीबत

गरमपानी। गरमपानी-खैरना बाजार क्षेत्र में आवारा कुत्ते भी जी का जंजाल बन चुके हैं। कुत्ते कई लोगों को काट भी चुके हैं तो वहीं कुत्ते बाइक सवारों के पीछे दौड़ रहे हैं जिस कारण दुर्घटना का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

हॉकी: हल्द्वानी स्टेडियम ने डॉन बास्को को 8-0 से रौंदा

हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि हरीश भाकुनी तथा मैच में जूझते खिलाड़ी।

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

हल्द्वानी। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस के मौके पर अंडर-18 बालक-बालिकाओं की खेल प्रतियोगितायें प्रारंभ हो गई है। इसके पहले पहले दिन हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। पहले मुकाबले में हल्द्वानी स्टेडियम की टीम ने एकतरफा मुकाबले में डॉन बास्को को 8-0 से रौंद अगले चक्र में प्रवेश किया। हॉकी प्रतियोगिता में आठ टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हरीश भाकुनी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान उन्होंने खेलों को शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि युवा हॉकी में अपनी प्रतिभा दिखाकर कॅरियर बना सकते हैं।

वहीं दूसरा मुकाबला हल्द्वानी व गुरु तेग बहादुर स्कूल की टीम के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। अंत में मैच ड्रा रहा। रेफरी की भूमिका सुरेंद्र अधिकारी व किशोर पंत ने निभाई। इस मौके पर प्रभारी सहायक निदेशक खेल अख्तर अली ने बताया कि ध्यान चंद्र के जन्मदिवस व खेल दिवस के मौके पर 29 अगस्त तक प्रतियोगितायें आयोजित की जा रही हैं। बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल 29 अगस्त को होगा। इसके अलावा बालक-बालिका वॉलीबाल व बॉस्केटबाल, तैराकी प्रतियोगिता होगी। इस मौके पर हॉकी कोच किशोर बाफिला, संजीव पंत आदि मौजूद थे।

नोट
समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

संस्थापक संपादक
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
प्रधान संपादक
साकेत अग्रवाल
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप पब्लिकेशन्स
चंद्रकाता हाउस, जजी के सामने, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं 11 लिटन रोड, देहरादून से प्रकाशित
संपादकः तेजपाल नेगी
स्थानीय संपादकः मदन मोहन लखेड़ा
दूरभाष : 7055515678
फैक्सः 05946-283801
8272011151 (देहरादून)
Email: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.•dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं.-
UTTHIN/2015/65056
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।

आज का भविष्यफल पं. दिवाकर शास्त्री

मेष : आज आप दांपत्य जीवन के सुख का अनुभव कर सकेंगे। आपका स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।
वृष : मानसिक रूप से कुछ व्यग्रता का भी अनुभव करेंगे। मध्याहन के बाद नए कार्य का प्रारंभ न करें।
मिथुन : योग और ध्यान से मानसिक शांति प्राप्त कर सकेंगे। आज का दिन शुभ होगा। आप अपने अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कर सकेंगे।
कर्क : आर्थिक आयोजन भी बहुत अच्छी तरह से कर सकेंगे। कार्यालय में सहकर्मचारियों का सहयोग आपको मिलेगा।
सिंह : दांपत्य जीवन आनंदमय रहेगा। व्यापारीगण व्यापार में वृद्धि कर सकेंगे। मधुर वाणी से आप लोगों को प्रभावित कर सकेंगे।
कन्या : वाणी की मधुरता नए संबंध बनाने में भी काम आएगी। आज आप आर्थिक आयोजन भी अच्छी तरह से कर सकेंगे।
तुला : रोगी व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा और अधूरे कार्य पूरे होंगे। आज आप अपने हर काम को आत्मविश्वास के साथ पूरा कर सकेंगे।
वृश्चिक : सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ होगा।
धनु : अधिक परिश्रम करने पर भी कम फल मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आनंद और उत्साह में वृद्धि होगी।
मकर : कौटुंबिक तथा आर्थिक विषयों पर आप अधिक ध्यान देंगे। आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ कर पाएंगे।
कुंभ : पितृपक्ष से लाभ होने की संभावना है, लेकिन जमीन, मिलकत आदि विषयों के कार्य में सावधानी बरतें।
मीन : आपका रवैया और सोच सकारात्मक रहेगी। दूसरों के प्रेम और दूसरों के समर्थन के दम पर आपका कॉन्फिडेंस बढ़ जाएगा।

बैठक / तीन सितंबर को हल्दूचौड़ में पूर्व सीएम रावत व नेता प्रतिपक्ष भी करेंगी शिरकत

किसान सम्मेलन के लिए कांग्रेसियों ने कसी कमर

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

लालकुआं। उत्तराखंड किसान यूनियन ने ग्राम पंचायत जग्गी बंगर सभागार में यूनियन के अध्यक्ष एनके कपिल और पूर्व काबीना मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया। इसमें किसानों व जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। पूर्व काबीना मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने बताया कि 3 सितंबर को हल्दूचौड़ में विशाल किसान सम्मेलन एवं गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत बतौर मुख्य अतिथि और नेता प्रतिपक्ष डा.इन्दिरा विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेगी।

पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चन्द्र दुर्गापाल ने किसानों की आर्थिक स्थिति और आत्महत्या करने पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने वादों से मुकर रही है। उत्तराखंड का किसान आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर है लेकिन सरकार किसानों के हितों पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद भी किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया गया है।

इसके अलावा चीनी मिलों में भी गन्ना क्रय मूल्य भुगतान नहीं किया गया उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मंडी समितियों से किसानों के लिए विकास योजनाएं चलाए जाने की मांग की जाएगी। इसके अलावा जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा को चाहरदीवारी बनाने की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने आश्वासन दिया था कि 15 दिन के भीतर गन्ना के मूल्य भुगतान कर दिया जाएगा मगर अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में पेयजल, सड़क, शिक्षा, रोजगार किसानों को अनुदान आदि मांगों पर चर्चा की जायेगी। दुर्गापाल ने कहा कि भाजपा ने सरकार आने के दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने की बात कही थी मगर यह मामला भी अधर में लटक गया।

उन्होंने कहा कि पेयजल व विद्युत आदि पर बढ़े हुए करों को वापस लिया जाए। वहीं एनएच मामले में उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में किसानों की हाइवे के अंतर्गत आने वाली जमीन पर सहमति बन गई थी जिसमें हाइवे के निर्माण में महज 33 जमीन लेने की बात कही गई थी मगर वर्तमान में कहीं 60 मीटर तो कहीं 45 मीटर जमीन लेने की बात कही जा रही है। साथ ही बाजार कीमत के हिसाब से भी किसानों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने हाइवे की चपेट में आने वाले पीड़ित परिवारों के विस्थापन की मांग भी उठाई है। उन्होंने कहा कि 3 सितंबर को होने वाले विशाल किसान सम्मेलन और संगोष्ठी में आस-पास के क्षेत्रों के किसान और जनप्रतिनिधि पूर्व सीएम हरीश रावत के समक्ष अपनी मांग को रखेंगे। बैठक में ग्राम प्रधान कैलाश दुम्का, डा. बालम सिंह बिष्ट, उमेश कबड्वाल, दयाकिशन कबडवाल, दयाकिशन बमेटा, राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र दुर्गापाल, तारा सिंह राणा, किशन सिंह लटवाल, विपिन जोशी, संबोधित कविदयाल, कैलाश बमेठा, रमेश जोशी, बीडी जोशी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

तैयारी
- विभिन्न समस्याओं पर होगा मंथन

खोई हुई मर्दाना ताकत प्राप्त करें
मिलें-हर शनिवार
डा. पी.के.वर्मा
नामर्दी, धात, स्वप्न दोष, पतलापन, ढीलापन, शुक्राणु कम का सफल इलाज
मिलने का समयः 10 बजे से 5 बजे तक
स्थानः ओ.के.होटल,बेस चिकित्सालय के सामने,हल्द्वानी
मो. 9837221732